NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# मेरठ में दिल्ली से सप्लाई हो रही नकली इलेक्ट्रिक वायर की खेप! ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर गोरखधंधे का भंडाफोड़



**प्रेम शर्मा, मेरठ:** दिल्ली से मेरठ में सप्लाई हो रहे ब्रांडेड कंपनियों के नकली इलेक्ट्रिक वायर बरामद होने से हड़कंप मच गया है। टीपी नगर थाना पुलिस ने नकली वायर सप्लाई कर रहे वाहन के ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि दिल्ली की एक फर्म की तरफ से मेरठ में यह नकली वायर सप्लाई किये जा रहे थे। कंपनी के सुरक्षा अधिकारियों ने आरोपियों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/meerut/meerut-police-recovered-duplicate-electric-wire-of-branded-companies/articleshow/121237571.cms